पंजाब केसरी 03/10/2025

# हमें गांधी जी के दिखाए हुए सत्य, अहिंसा और सरलता के मार्ग पर चलना चाहिए : डॉ. रोहित दत्त



गांधी अध्ययन केंद्र का दौरा करने आए जी.एम.एन. कॉलेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को जानकारी देते डॉ. धर्मवीर सैनी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 2 अक्तूबर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कॉलेज की एन.एस.एस. इकाइयों ने गांधी अध्ययन केंद्र का दौरा किया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन तथा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. चंद्रपाल पूनिया और डॉ. पिंकी मुसा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जयंती हमें महात्मा गांधी के आदर्शों और जीवन मूल्यों की याद दिलाती है। हमें गांधी जी के दिखाए हुए, सत्य, अहिंसा और सरलता के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने छात्रों को गांधी जी की विचारधारा से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

गांधी अध्ययन केंद्र में कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. धर्मवीर सैनी ने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके सत्य एवं अहिंसा पर आधारित संघर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज सुधार के लिए किए गए प्रयासों को गहराई से समझा। इस अवसर पर प्रो. श्याम रहेजा, प्रो. गीती बिंद्रा, प्रो. राजिंदर मीरवाल तथा एन.एस.एस. स्वयंसेवक हर्षित लांबा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।